# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं० : 0612–2210545 (का०)
फैक्स नं० : 2218900
Email : elcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

## बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के पदधारको के निर्वाचन की सूचना

सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के कार्यालय पत्रांक–CEA-12011/25/2024 दिनांक–20.09.2024 द्वारा "बिस्कोमान के निदेशक पर्षद एवं पदधारक" के निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, पटना को "निर्वाची पदाधिकारी" नियुक्त किया गया है। उक्त निर्वाचन "बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम–2002, (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली–2002, (यथासंशोधित–2023)" एवं बिस्कोमान की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत संपन्न होगा।

भारत सरकार, (सहकारिता मंत्रालय) के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निर्गत CEA-12011/25/2024 दिनांक–05.05.2025 के अनुसार "बिस्कोमान के पदधारकों (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) के पद पर निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 08.05.2025 से 09.05.2025 तक निर्धारित है। विस्तृत कार्यक्रम निम्नवत् है:–

| क्र०सं० | कार्यक्रम का विषय | तिथि | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01. | नामांकन | 08.05.2025 | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 11:00 बजे पूर्वाह्न तक | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 02. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा | 08.05.2025 | 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 03. | नामांकन की वापसी | 08.05.2025 | 12:00 बजे अपराह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 04. | निर्वाचन योग्य उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन | 08.05.2025 | 01:00 बजे अपराह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 05. | निर्वाचन (यदि आवश्यक हो) | 09.05.2025 | 11:00 बजे पूर्वाह्न से | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 06. | मतगणना | 09.05.2025 | मतदान समाप्ति के तत्काल पश्चात् | समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार |
| 07. | परिणाम की घोषणा | | सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात् | |

**नामांकन प्रपत्रों की उपलब्धता** – पदधारक हेतु नामांकन प्रपत्र बिस्कोमान कार्यालय, गाँधी मैदान, पटना में उपलब्ध रहेगा। बिस्कोमान के पदधारक (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) हेतु नामांकन करने के इच्छुक सभी अभ्यर्थी उक्त कार्यालय से नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

विहित प्रपत्र (फार्म–V) में नामांकन दिनांक–08.05.2025 को 10:00 पूर्वाह्न से 11:00 बजे पूर्वाह्न तक निर्धारित स्थल समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार में प्राप्त किया जायेगा। नामांकन पत्र के साथ शपथ–पथ (नोटरी से) को भी संलग्न किया जायेगा। सभी प्राप्त नामांकन पत्रों को पंजी में संधारित किया जाएगा। एतदर्थ प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, पंजी एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराएंगे।

नामांकन पत्र पर एक प्रस्तावक एवं एक समर्थक का हस्ताक्षर/पता एवं मतदाता सूची क्रम संख्या अंकित किया जायेगा। प्रस्तावक/समर्थक का नाम अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में अंकित होना अनिवार्य होगा।

**नामांकन पत्रों की प्राप्ति** – बिस्कोमान के पदधारकों हेतु योग्य उम्मीदवारों से नामांकन पत्रों को सामान्यतया निर्वाची पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा प्राप्त किया जायेगा। निर्वाची पदाधिकारी की अनुपस्थिति में नामांकन पत्रों की प्राप्ति हेतु सहायक निर्वाची पदाधिकारी–सह–उप विकास आयुक्त, पटना प्राप्त करेंगे।

**मतदान** :– भारत सरकार, (सहकारिता मंत्रालय) के सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा निर्गत CEA-12011/25/2024 दिनांक–05-05.2025 के अनुसार पदधारक का निर्वाचन हेतु मतदान दिनांक–09-05-2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान के तृतीय तल पर स्थित सभागार में मतदान हेतु स्थापित मतदान केंद्र में सम्पन्न होगा। मतदाताओं द्वारा इच्छुक उम्मीदवार के नाम के समक्ष केवल क्रॉस

फोन नं० : 0612-2219545 (का०)
फैक्स नं० : 2218900
Email : [illegible]
dm-patna.bih@nic.in


(x) का चिन्ह अंकित कर मतदान किया जायेगा। अन्य चिन्ह अंकित किये जाने पर मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा। एक से अधिक उम्मीदवार के सामने क्रॉस (x) चिन्ह लगाने पर भी मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा।

**मतगणना** :– सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के उक्त संदर्भित पत्र में दिनांक–09.05.2025 को ही मतदान संपन्न करने के तुरंत पश्चात् मतों की गणना कराने का निदेश है। उक्त निदेश के आलोक मे दिनांक–09.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के तृतीय तल पर स्थित सभागार में मतदान संपन्न होने के उपरांत मतों की गणना भी संपन्न करायी जायेगी। परिणाम की घोषणा सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा प्रपत्र 19 (N) के अनुमोदन के पश्चात् की जायेगी।

ह०/
जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)।

ज्ञापांक 1204 दिनांक 06.05.25

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशक पर्षद् के सभी संबंधित सदस्यों को अपने स्तर से अवगत करा दें तथा बिस्कोमान के आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करें।

प्रतिलिपि :– सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, 9th Floor, Tower E, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi 110029 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.5.25
जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)।